# अंतर्राष्ट्रीय संगठन Important Questions || Class 12 Political Science Book 1 Chapter 4 in Hindi ||

## एक अंक वाले प्रश्न :

**प्रश्न 1 संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई ?**

**उत्तर:** 24 अक्टूबर 1945

**प्रश्न 2 संयुक्त राष्ट्र संघ की घोषणापत्र पर कितने देशों ने हस्ताक्षर किये ?**

**उत्तर:** 51 देशों ने।

**प्रश्न 3 भारत UNO का सदस्य कब बना?**

**उत्तर:** 30 अक्टूबर 1945

**प्रश्न 4 वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य देशों की संख्या कितनी है ?**

**उत्तर:** 193

**प्रश्न 5 UNO के वर्तमान महासचिव का नाम बताइये।**

**उत्तर:** ऐन्टोनियो गुटेरेस।

**प्रश्न 6 अर्न्तराष्ट्रीय न्यायालय कहाँ स्थित है ?**

**उत्तर:** हेग-नीदरलैंड

**प्रश्न 7 IAEA का विस्तृत रूप लिखे।**

**उत्तर:** अन्तर्राष्ट्रीय अणिविक उर्जा ऐजेन्सी।

**प्रश्न 8 संयुक्त राष्ट्र संघ का सबसे जाना पहचान पद............ का है।**

**उत्तर:** महासचिव

**प्रश्न 9 संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रमुख उद्देश्य बताइये।**

**उत्तर:** विश्व में शांति एवं सुरक्षा की स्थापना।

**प्रश्न 10 विश्व व्यापार संगठन की स्थापना कब हुई ?**

**उत्तर:** 1995 में।

**प्रश्न 11 प्रथम विश्व युद्ध के बाद, युद्ध रोकने के लिए कौन सा अंर्तराष्ट्रीय संगठन बनाया गया ?**

**उत्तर:** राष्ट्र संघ (लीग ऑफ नेशन्स)

**प्रश्न 12 UNHRC का विस्तृत रूप लिखे।**

**उत्तर:** यूनाईटेड नेशन्स हयूमन राइट्स कमीशन।

**प्रश्न 13 विश्व बैंक की औपचारिक स्थापना कब हुई ?**

**उत्तर:** 1945

## दो अंकों वाले प्रश्न :

---

**प्रश्न 1 निषेधाधिकार किसे कहते है ?**

**उत्तर:** सुरक्षा परिषद का कोई भी स्थायी सदस्य सुरक्षा परिषद द्वारा लिए जाने वाले निर्णय को रोक सकता है, यही वीटो का अधिकार है।

**प्रश्न 2 विश्व बैंक के कोई दो मुख्य कार्य बताइए।**

**उत्तर:**

- कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए काम करता है।
- सदस्य देशों को अनुदान के लिए काम करता है।

**प्रश्न 3 सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्यों के नाम लिखिये।**

**उत्तर:** ब्रिटेन, फ्रांस, अमेरिका, रूस, चीन।

**प्रश्न 4 मानवाधिकारों की रक्षा में सक्रिय दो स्वयं सेवी संगठन कौन से है ?**

**उत्तर:**

- ऐमेनेस्टी इण्टरनेशनल।
- ह्यूमन राइट्स वॉच।

**प्रश्न 5 विश्व व्यापार संगठन के कोई दो कार्य बताइए।**

**उत्तर:**

- वैश्विक व्यापार के नियमों को तय करना।
- सदस्य देशों के बीच मुक्त व्यापार की राह आसान बनाना।

**प्रश्न 6 सुम्मेलित किजिए :**

**i 24 अक्टूबर 1945 ए अटलांटिक चार्टर**

**ii 10 दिसम्बर 1948 बी माल्टा सम्मेलन**

**iii फरवरी 1945 सी संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना**

**iv अगस्त 1941 डी मानवाधिकारों की घोषणा**

**उत्तर:**

- i) सी
- ii) डी
- iii) बी
- iv) ए

**प्रश्न 7 सुम्मेलित किजिए –**

**1) रेडक्रॉस सोसाइटी ए विश्व व्यापार नियम**

**2) एमेनेस्टी इंटरनेशनल बी युद्ध का आपदा पीड़ित सहायता**

**3) विश्व व्यापार संगठन सी आर्थिक उन्नति व ऋण देना**

**4) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष डी मानवाधिकार रक्षा**

**उत्तर:**

- i) बी
- ii) डी
- iii) ए
- iv) सी

**प्रश्न 8 ऐसे किन्हीं दो अन्तराष्ट्रीय मुद्दों को पहचानियें जिन्हें सुलझाना किसी एक देश के लिए संभव नहीं है।**

**उत्तर:** वैश्विक तापवृद्धि व आतंकवाद।

**प्रश्न 9 पारस्परिक निर्भरता किसे कहते है ?**

**उत्तर:** देशों के बीच विभिन्न मुद्दों पर आपसी निर्भरता ही 'पारस्परिक निर्भरता' कहलाती है।

**प्रश्न 10 विश्व में अन्तर्राष्ट्रीय संगठन होने के किन्हीं दो लाभों का उल्लेख करें।**

**उत्तर:**

- अंर्तराष्ट्रीय संगठन युद्ध और शांति के मसलों में मदद करते है।

- अंर्तराष्ट्रीय संगठन 'ग्लोबल वार्मिंग' जैसे महत्वपूर्ण प्रश्नों का समाधान मिलकर ढूँढने का प्रयास करते है।

## चार अंक वाले प्रश्न :

**प्रश्न 1. बदलती परिस्थितियों में प्रभावी एंव सुचारू ढंग से कार्य करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रक्रिया व ढाँचे में सुधार के कौन-कौन से प्रस्ताव सुझाये गये है ?**

**उत्तर:**

- सुरक्षा परिषद् में स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाना।
- वीटो पावर (निषेधाधिकार) की समाप्ति।
- विकसित देशों के प्रभाव को समाप्त करना।
- कार्यप्रणाली को ज्यादा लोकतांत्रिक बनाना।

**प्रश्न 2 संयुक्त राष्ट्र संघ अमेरिकी वर्चस्व का सामना करने में असफल सिद्ध हुआ है। इस कथन से आप कहाँ तक सहमत है ?**

**उत्तर:** अमेरीकी वर्चस्व का सामना करने में संयुक्त राष्ट्र के असफल होने के कारणः

- अमेरिका सबसे बड़ा वित्तीय योगदान देने वाला देश।
- UNO का मुख्यालय अमेरिका के भू क्षेत्र में स्थित है।
- UNO में अधिकत्तर कर्मचारी अमेरिका के है।
- कोई प्रस्ताव अपने या साथी राष्ट्रों के हितों के अनुकूल न होने पर अपने वीटो से रोक सकता है। उपरोक्त तथ्यों के बावजूद अमेरीका से वार्ता करने एवं उसपर दबाव बनाने के लिए UNO एक मंच के रूप में अवश्य उपलब्ध है।

**प्रश्न 3 सुरक्षा परिषद के कार्य बताइये।**

**उत्तर:** सुरक्षा परिषद के मुख्य कार्य निम्नलिखित है :

- विश्व में शांति स्थापित करना।
- किसी भी देश द्वारा भेजी गयी शिकायत पर विचार करना।
- अपने निर्णयों को लागू करवाने की कार्यवाही करना।
- झगड़ों का निपटारा करना।

**प्रश्न 4 ऐमेनेस्टी इण्टरनेशनल क्या है ? इसके कोई दो कार्य बताएँ।**

**उत्तर:** ऐमेनेस्टी इण्टरनेशनल मानवाधिकारों की रक्षा करने वाला एक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन है। यह संगठन मानवाधिकारों की रक्षा से जुड़ी रिपोर्ट तैयार और प्रकाशित करता है। उसकी ये रिपोर्ट मावाधिकारों से संबंधित अनुसंधान और तरफदारी में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**प्रश्न 5 संयुक्त राष्ट्र के मुख्य सिद्धांतों का वर्णन करें।**

**उत्तर:**


https://www.evidyarthi.in/

- अंतराष्ट्रीय शान्ति व सुरक्षा बनाये रखना।
- राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण सम्बन्धो का बढ़ाना।
- आपसी सहयोग द्वारा आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा मानवीय ढंग की अनतर्राष्ट्रीय समस्याओ को हल करना।
- अंतराष्ट्रीय संधियों एवं अंतराष्ट्रीय कानूनों को सम्मानपूर्वक लागु करना।
- राष्ट्रों की प्रादेशिक अखंडता और राजनीति स्वतंत्रता का आदर करना।

## पाँच अंक वाले प्रश्न :

**प्रश्न 1**

**i प्रस्तुत कार्टून में दिखाया गया व्यक्ति किस देश को इंगित कर रहा है ?**




**उत्तर:** अमेरिका।

**ii कार्टून में दिखाए व्यक्ति के दोनों हाथ में क्या दिखाया गया है और वो किस चीज का प्रतीक है ?**

**उत्तर:** व्यक्ति के दाएँ हाथ में संयुक्त राष्ट्र का प्रतीक चिन्ह जो कि शांति का प्रतीक है तथा बाएँ हाथ में पंजा जो युद्ध का प्रतीक है, दिखाया गया है।

**iii दाये हाथ से बात नहीं समझोगे तो बायें हाथ से समझायी जायेगी। इस व्यक्तव्य का आशय अपने शब्दों में स्पष्ट करें।**

**उत्तर:** इस कथन का आशय यह है कि अमेरिका का कहना है कि यदि कोई देश उसकी बात को शांतिपूर्वक तरीके से नहीं मानेगा तो उसे युद्ध का सामना करना पड़ेगा।

**प्रश्न 2**

**i यह चिन्ह किस संस्था या संगठन से संबंधित है ?**



**उत्तर:** संयुक्त राष्ट्र संघ।

**ii इस चित्र में किसका मानचित्र है ?**

**उत्तर:** विश्व का मानचित्र।

**iii दिए गए चित्र में किसकी पत्तियाँ है ? ये पत्तियाँ किस बात का प्रतीक है ?**

**उत्तर:** जैतून की पत्तियाँ है, तथा ये पत्तियाँ विश्व शांति का प्रतीक है।

**प्रश्न 3 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़े और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें :**

**“पहले विश्वयुद्ध ने दुनिया को इस बात के लिए जगाया कि झगड़ों के निपटारे के लिए एक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए। इसके परिणाम स्वरूप ‘लीग ऑफ नेशंस’ का जन्म हुआ। शुरूआती सफलताओं के बावजूद यह संगठन दूसरा विश्वयुद्ध न रोक सका। पहले की तुलना में इस महायुद्ध में कहीं ज्यादा लोग मारे गए और घायल हुए।”**

**i द्वितीय विश्व युद्ध कब समाप्त हुआ ?**

**उत्तर:** सन 1945 में।

**ii संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब और क्यों की गई?**

**उत्तर:** 30 अक्टूबर 1945, विश्व में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए।

**iii इस प्रकार के संगठनों का निर्माण क्यों किया जाता है ?**

**उत्तर:** ताकि भविष्य में किसी भी भयानक युद्ध को रोककर विश्व में शांति और सुरक्षा को बनाये रखा जा सके।

## छः अंकों वाले प्रश्न :

---

**प्रश्न 1 अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों की आवश्यकता स्पष्ट करे।**

**उत्तर:** जिस प्रकार किसी क्षेत्र की समस्या के हल के लिये क्षेत्रीय संगठनों की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार विभिन्न देशों के मध्य समस्या समाधान के लिए अंर्तराष्ट्रीय संगठनों की आवश्यकता होती है।

**अंतराष्ट्रीय संगठनों की आवश्यकता**

- अंर्तराष्ट्रीय विवादों का शांतिपूर्ण हल।
- युद्धों की रोकथाम में सहायक।
- विश्व के आर्थिक विकास में सहायक।
- प्राकृतिक आपदा, महामारी से निपटना।
- अन्तराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना।
- वैश्विक तापवृद्धि से निपटना।

**प्रश्न 2 संयुक्त राष्ट्र संघ को और अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए कौन-कौन से कदम उठाने का निर्णय लिया गया है ?**

**उत्तर:** संयुक्त राष्ट्र संघ को एक ध्रुवीय विश्व में अधिक प्रासंगिक बनाने के उपाय।

- शांति संस्थापक आयोग का गठन।
- मानवाधिकार परिषद की स्थापना।
- सहस्त्राब्दि विकास लक्ष्य को प्राप्त करने पर सहमति।
- एक लोकतंत्र कोष का गठन।
- आतंकवाद के सभी रूपों की भर्त्सना।
- न्यासिता परिषद की समाप्ति।


https://www.evidyarthi.in/

**प्रश्न 3 संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रमुख उद्देश्यों का वर्णन कीजिए। इन उद्देश्यों को कैसे पूरा किया जा सकता है ?**

**उत्तर:** निम्नलिखित कारणों से सुरक्षा परिषद में सुधारों की आवश्यकता महसूस हो रही है:

- सुरक्षा परिषद अब राजनैतिक वास्तविकताओं की नुमाइदंगी नहीं करती।
- इसके फैसलों पर पश्चिमी मूल्यों व हितों का प्रभाव दिखता है।
- सुरक्षा परिषद् में बराबर का प्रतिनिधित्व नहीं है।
- इसके फैसलों पर चंद देशों का दबदबा है, विशेषकर उन देशों का जो संयुक्त राष्ट्र संघ के बजट में ज्यादा योगदान देते है।

**प्रश्न 4 वैश्विक राजनीति में अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाएं एवं संगठन किस हद तक लोकतांत्रिक व जवाबदेह है ?**

**उत्तर:** अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं का लोकतांत्रिक एवं उनकी जवाबदेयता के पक्ष में तर्कः

- महासभा में विश्व के सभी राष्ट्रों की समान सदस्यता।
- आर्थिक विकास के लिए कई ईकाईयाँ स्थापित।
- राष्ट्रों में लोकतंत्र की रक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र निरन्तर तत्पर।
- संगठन की ईकाईयाँ मानवाधिकारों की रक्षा के प्रति कार्यरत।
- मानव विकास (शिक्षा, चिकित्सा) आदि पर बल।
- पर्यावरण की रक्षा पर बल।

उपरोक्त तथ्यों के बावजूद संयुक्त राष्ट्र में कुछ राष्ट्रों का निरंतर दबदबा बना रहता है। चाहे वो सुरक्षा परिषद् के आकार को न बढ़ाने का निर्णय हो अथवा सुरक्षा परिषद् में वीटो का प्रयोग हो, ये कुछ तथ्य है जो संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी संस्थाओं के लोकतांत्रिक होने पर प्रश्नचिह्न लगाते है।


https://www.evidyarthi.in/